भारत सरकार

खान मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3474

दिनांक 23.03.2026 को उत्तर देने के लिए

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के नेक्स्ट-जनरेशन (एनजी) पोर्टल का कार्यान्वयन

3474. श्री नारायण कोरागप्पाः
श्री सदानंद महालू शेट तानवड़ेः
श्री दीपक प्रकाशः
श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाणः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने खनिज अन्वेषण के लिए क्लाउड-सक्षम, एआई-आधारित डेटा विश्लेषण प्रदान करने हेतु जीएसआई नेक्स्ट-जनरेशन (एनजी) पोर्टल सफलतापूर्वक आरंभ किया है;
(ख) राष्ट्रीय भूविज्ञान आंकड़ा कोष (एनजीडीआर) पोर्टल द्वारा व्यापार में सुगमता में किस प्रकार सुधार किया गया है;
(ग) अन्वेषण के लिए लाइसेंस (ईएल) की नीलामी के दूसरे दौर की सफलता की प्रमुख उपलब्धियां क्या हैं और गहन खनिज खोज के लिए कितनी निजी कंपनियों को शामिल किया गया है;
(घ) क्या राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण एवं विकास ट्रस्ट (एनएमईडीटी) ने वर्ष 2026 की शुरुआत तक अपने 327 अन्वेषण परियोजनाओं के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है; और
(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दूबे)

(क): जी, हां। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के नेक्स्ट-जनरेशन (एनजी) पोर्टल का शुभारंभ दिनांक 12.02.2026 को किया गया है।

(ख): राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी (एनजीडीआर) पोर्टल में विभिन्न हितधारक एजेंसियों द्वारा सृजित 47 मानचित्र सेवाओं और स्थानिक डेटा लेयर के साथ 18,400 से अधिक गवेषण और आधारभूत रिपोर्ट रखी हैं। एनजीडीआर पोर्टल ने सार्वजनिक और निजी हितधारकों दोनों के लिए एक एकल भू-स्थानिक प्लेटफॉर्म पर भूविज्ञान और खनिज गवेषण

रिपोर्टों तथा डेटासेट तक निर्बाध एवं निःशुल्क पहुंच के लिए एक केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करके ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार किया है, जिससे डेटा सुगम्यता और पारदर्शिता बढ़ी है। पोर्टल का व्यापक रूप से उपयोग निजी गवेषण एजेंसियों सहित अधिसूचित गवेषण एजेंसियों द्वारा राष्ट्रीय खनिज खोज एवं विकास न्यास (एनएमईडीटी) को वित्तपोषण के लिए प्रस्तुत करने के लिए नए गवेषण परियोजना प्रस्तावों को तैयार करने के लिए सुविचारित निर्णय लेने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, एनजीडीआर पोर्टल का उपयोग संयुक्त अनुज्ञप्ति (सीएल) और गवेषण अनुज्ञप्ति (ईएल) के बोलीदाताओं द्वारा अपनी बोलियों को प्रस्तुत करने से पहले सीएल/ईएल ब्लॉकों के प्रोस्पेक्ट्स का विश्लेषण और पता लगाने के लिए भी किया जाता है।

(ग): ईएल ब्लॉकों के लिए दिनांक 12.02.2026 को ट्रेंच-2 शुरू किया गया।

(घ) और (ङ): जी, हां। एनएमईडीटी द्वारा दिनांक 15.03.2026 तक, वित्त-पोषण के माध्यम से 327 परियोजनाएं पूरी की गई हैं। इन परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र. सं. | परियोजना का प्रकार | परियोजनाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आधारभूत सर्वेक्षण परियोजनाएं | 09 |
| 2. | खनिज गवेषण परियोजनाएं | 302 |
| 3. | मशीनरी/ प्रयोगशाला उपस्करों/उपकरणों आदि की खरीद। | 13 |
| 4. | खान मंत्रालय की एस एंड टी प्रिज़्म स्कीम के तहत अनुसंधान और नवाचार परियोजनाएं | 02 |
| 5. | महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण के लिए विशेष अध्ययन | 01 |
| | कुल | 327 |

*****